Title: Need to provide more funds to Government of Rajasthan for providing relief to the people affected by drought in southern Rajasthan-Laid

श्री ताराचंद भगोरा (बांसवाड़ा) : दक्षिण राजस्थान एक जनजाति बहुल क्षेत्र है। मेरा संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा इसी क्षेत्र में है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला डूंगरपुर और बांसवाड़ा दोनों जिले आते हैं। दक्षिण राजस्थान इस समय भंयकर अकाल की चपेट में है। इस तरह का अकाल पिछले 100 र्वाो में भी कभी नहीं पड़ा है। आम लोगों के सामने पेयजल, खाद्यान और रोजगार की समस्या खड़ी हो गई है, पशुओं के लिये चारा नहीं है, जिस कारण मवेशियां मर रही हैं। गांवों में कुएं तथा बाबड़ियां सूख गयी हैं। सबसे बड़ी समस्या यह पैदा हो गई है कि भूमि का जलस्तर बहुत ही नीचे चला गया है, जिस कारण हैण्डपम्प तथा टयूबवैल से भी पानी आना बंद हो गया है। दक्षिण राजस्थान के सीमावर्ती राज्य गुजरात और मध्य प्रदेश में लोगों ने पलायन भी किया, परन्तु वहां भी भयंकर अकाल होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। चारों तरफ पेयजल, चारा और अनाज न मिलने के कारण त्राहि-त्राहि मची हुई है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान सरकार को इस अकाल से निपटने के लिये जो राशि आप देने जा रहे हैं, उसमें और बढ़ोत्तरी करके ज्यादा से ज्यादा धनराशि इस अकाल से निपटने हेतु दी जाये।